भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या. 16

(जिसका उत्तर मंगलवार, 04 फरवरी, 2025 को दिया गया)

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, 2024-25

***16. श्रीमती महुआ माजी:**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बजट 2024-25 में घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत एक करोड़ युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) इस योजना के तहत शीर्ष 500 कंपनियों के साथ साझेदारी करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस योजना से युवाओं के रोजगार कौशल और रोजगार के भावी अवसरों में सुधार होगा, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस योजना के अंतर्गत उपलब्ध करायी गयी इंटर्नशिप का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त और कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्रीमती निर्मला सीतारमण)**

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

"प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) 2024-25" के संबंध में दिनांक 4 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ राज्यसभा तारांकित प्रश्न संख्या 16* के भाग (क), (ख), (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य पांच वर्ष में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना-पायलट प्रोजेक्ट के ब्यौरे वाले दिशा-निर्देश https://pminternship.mca.gov.in पर उपलब्ध हैं।

शीर्ष 500 कंपनियों का चयन पिछले 3 वर्षों में औसत कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) व्यय के आधार पर किया गया है। इनके अतिरिक्त, योजना में भाग लेने की इच्छुक कोई अन्य कंपनी/बैंक/वित्तीय संस्था कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के अनुमोदन से ऐसा कर सकती है, जो उपर्युक्त 500 कंपनियों में कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों और क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए उन पर विचार करेगा। भागीदार कंपनियों की सूची https://pminternship.mca.gov.in पर उपलब्ध है। इस योजना में कंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक है। मंत्रालय पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के लिए उद्योग संघों के साथ उनके सक्रिय सहयोग से काम कर रहा है।

(ग): प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के दिशा-निर्देशों में यह प्रावधान है कि इन्टर्नशिप की अवधि 12 माह होगी और इन्टर्नशिप अवधि का कम से कम आधा समय वास्तविक कार्य अनुभव/कार्य वातावरण में व्यतीत किया जाना चाहिए न कि क्लासरूम में। इस प्रकार, पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं को व्यवसायों या संगठनों के वास्तविक जीवन के माहौल में प्रशिक्षण प्राप्त करने, अनुभव और कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है जो अकादमिक लर्निंग और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाटने में मदद करती है, बदले में, उसकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने में सहायता करती है।

(घ): प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के प्रथम राउंड में देश भर में भागीदार कंपनियों द्वारा लगभग 1.27 लाख इंटर्नशिप अवसरों की पेशकश की गई थी। पीएम इंटर्नशिप योजना-पायलट प्रोजेक्ट के पहले राउंड के तहत भागीदार कंपनियों द्वारा प्रदान किए गए इंटर्नशिप अवसरों का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-1 के रूप में संलग्न है।

*****

<u>राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 16* का अनुलग्नक I</u>

पीएम इंटर्नशिप योजना - पायलट प्रोजेक्ट (राउंड- I) में दिए गए इंटर्नशिप के अवसरों का राज्यवार विवरण

क्र.सं.	राज्य	इंटर्नशिप के अवसरों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	12
2	आंध्र प्रदेश	4973
3	अरुणाचल प्रदेश	156
4	असम	3457
5	बिहार	2802
6	चंडीगढ़	523
7	छत्तीसगढ़	3334
8	दिल्ली	2470
9	गोवा	1017
10	गुजरात	11690
11	हरियाणा	7764
12	हिमाचल प्रदेश	1254
13	जम्मू और कश्मीर	761
14	झारखंड	3535
15	कर्नाटक	10022
16	केरल	2807
17	लद्दाख	72
18	लक्षद्वीप	2
19	मध्य प्रदेश	5627
20	महाराष्ट्र	13664
21	मणिपुर	73
22	मेघालय	55
23	मिजोरम	25
24	नागालैंड	45
25	ओडिशा	5142
26	पुडुचेरी	310
27	पंजाब	2314
28	राजस्थान	4653
29	सिक्किम	254
30	तमिलनाडु	14585
31	तेलंगाना	7913
32	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	232
33	त्रिपुरा	395
34	उत्तर प्रदेश	9027
35	उत्तराखंड	1966
36	पश्चिम बंगाल	4577
	कुलयोग	**127508**